# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

NABET

INDIAN PUBLIC SCHOOLS' CONFERENCE

## PERIODIC_TEST- 01 (2025-26)
## HINDI (085)

Class : V — Duration : 1 Hrs
Date : 05.07.2025 — Max. Marks : **25**
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्यनिर्देश :
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 7 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्र का स्वरूप -

| | | |
|---|---|---|
| भाग 'क' | : अपठित गद्यांश | 05 अङ्क |
| भाग 'ख' | : व्याकरणम् | 07 अङ्क |
| भाग 'ग' | : पाठ्यपुस्तक | 08 अङ्क |
| भाग 'घ' | : पत्र लेखन | 05 अङ्क |

---

<u>खंड क (अपठित बोध )</u>

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए:- [5]

दीवानगढ़ के राजा ने अपने मंत्री रूपल की बुद्धिमत्ता की परीक्षा लेने का निश्चय किया। वह रूपल के साथ एक बगीचे में गया। यहाँ उसने एक आदमी की ओर इशारा करते हुए रूपल से उसका नाम और व्यवसाय बताने को कहा। रूपल ने एक क्षण विचार करके कहा, "महाराज, उस आदमी का नाम रूपल है और वह बढ़ई का काम करता है।" पता करने पर मालूम हुआ कि उस आदमी का नाम और व्यवसाय यही था। जब राजा ने रूपल से पूछा कि उतनी जल्दी सही उत्तर कैसे दे दिया तो यह बोला, "महाराज, जब आपने मुझे मेरा नाम लेकर बुलाया तो वह चौंक पड़ा। बगीचे में बहुत से सुंदर फूल हैं, लेकिन उसका ध्यान उन फूलों पर नहीं बल्कि पेड़ों के तनों की ओर था। हर व्यक्ति का ध्यान अपने व्यवसाय से संबंधित चीजों पर होता है। इस तरह मैं उसका नाम और व्यवसाय समझ गया।"

(i) दीवानगढ के राजा ने किसकी परीक्षा लेने का निश्चय किया?
(a) सेनापति (b) मंत्री (c) सिपाही (d) राज्यपाल

(ii) उस आदमी का नाम क्या था?
(a) रूपल (b) रूपक (c) रूपा (d) रूपस

(iii) दीवानगढ़ के राजा ने उस व्यक्ति को कहाँ देखा?
(a) बगीचे में (b) महल में (c) सभा- भवन में (d) नदी तट पर

(iv) उस व्यक्ति का ध्यान कहाँ था?
(a) फूलों पर (b) फलों पर (c) पेड़ों के तनों पर (d) कहीं नहीं

(v) व्यवसाय शब्द का क्या अर्थ है:-
(a) व्यक्ति (b) व्यापार (c) व्यस्त (d) व्यथा

<u>खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण )</u>

प्रश्न.2 दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए :- [3]

(i) भाषा के कितने प्रकार हैं?
(a) दो (b) तीन (c) चार (d) पाँच

(ii) हिंदी भाषा की लिपि का नाम है:-

(a) रोमन (b) देवनागरी (c) तमिल (d) उर्दू

(iii) भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहते हैं?

(a) वर्ण (b) स्वर (c) व्यंजन (d) अनुस्वार

प्रश्न.3 दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए :- [2]

(i) मैं जयपुर घूमने गया था - वाक्य में संज्ञा शब्द है:-

(a) मैं (b) जयपुर (c) घूमने (d) गया

(ii) आज मुझे जल्दी घर जाना है- इस वाक्य में सर्वनाम शब्द है :-

(a) आज (b) जल्दी (c) घर (d) मुझे

प्रश्न.4 दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर चुनकर सही उत्तर लिखिए :- [2]

(i) श्रीमान का स्त्रीलिंग शब्द है –

(a) कवि (b) वीर (c) श्रीमती (d) श्रीमति

(ii) घड़ी का बहुवचन रूप है –

(a) घड़ि (b) घड़ियाँ (c) घड़िये (d) घड़ियाल

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.5 नीचे दिए गए लघु प्रश्नो के उत्तर लिखिए :- [2]

(i) धरती माँ की काया कैसे हो गयी है?

(ii) आरोही को क्या गृहकार्य मिला था?

प्रश्न.6 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए :- [6]

(i) कवि किनसे पुनः निर्माण की बात कह रहा है?

(ii) गोदावरी नदी कहाँ से निकलती है और कहाँ तक जाती है?

(iii) नदियाँ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण क्यों है?

## खंड घ (लेखन- कौशल )

प्रश्न.7 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद या संवाद लिखिए:- [5]

(i) मेरा परिवार (ii) मेरा प्यारा देश

अथवा

पिकनिक की योजना बनाते हुए भाई -बहन के बीच संवाद लिखिए